तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेम सिंह जोधा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर तृतीय)** सू.अ.अपील संख्या 77 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26—11—24	अपीलार्थी खेम सिंह जोधा निवासी शिकारपुरा तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन 25 / 07 / 24 में एसबी सिविल रिट पीटिशन नं. 13328 / 2022 में निर्णय दिनांक 13.10.2022 की पालना में दिनांक 01.11.2022 से 01.06.2024 तक की गई कार्यवाही की नियमानुसार प्रमाणित छाया प्रतियां मय कार्यालय टिप्पणी एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर तृतीय) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर तृतीय) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर तृतीय) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर तृतीय) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.26 17:59:57 IST
Reason: Approved